प्रादेशिक समाचार
दिनांक–21.06.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- देशभर में आज 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीनगर में डल झील के किनारे किया योग।
- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि एनटीए में सुधार के लिए उच्च स्तरीय कमिटी बनायी जाएगी।
- सीबीआई ने कल अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ यूजीसी–नेट पेपर लीक मामले में दर्ज की एफआईआर।
- राजधानी रांची सहित आसपास के क्षेत्रों में हुई वर्षा से तापमान में आयी कमी, तीन से चार दिनों में राज्य में मॉनसून के प्रवेश की संभावना।

***************

देशभर में आज 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। मुख्य समारोह जम्मू–कश्मीर के श्रीनगर में शेर–ए–कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर में आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीनगर से समारोह का नेतृत्व किया। इस विशेष अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों के सात हजार से अधिक लोगों ने श्रीनगर की डल झील के किनारे प्रधानमंत्री के साथ योग किया। इस वर्ष का विषय स्वयं और समाज के लिए योग है, जो व्यक्तिगत कल्याण और सामाजिक सद्भाव दोनों को बढ़ावा देने में योग की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी ग्राम प्रधानों को पत्र लिखकर कहा है कि वे जमीनी स्तर पर लोगों की भागीदारी और ग्रामीण क्षेत्रों में योग का प्रसार करें।

2015 में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत के बाद से, प्रधानमंत्री ने इसके प्रचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। उन्होंने दिल्ली में कर्तव्य पथ, चंडीगढ़, देहरादून, रांची, लखनऊ, मैसूर और न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय सहित दुनिया भर के विभिन्न प्रतिष्ठित स्थलों पर योग समारोहों की अध्यक्षता की है।

***************

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता आज दसवें अंतरराष्टीय योग दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। रांची में योग दिवस का आयोजन बिरसा मुंडा फन पार्क, जेल मोड़ में आज सुबह पांच बजकर तीस मिनट पर किया गया। इस अवसर पर कई लोगों ने योग किया।

स्वयं और समाज के लिए योग थीम के साथ इस वर्ष का अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को दुनिया भर में मनाया जा  रहा है. राज्य में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का राजकीय कार्यक्रम आज सुबह बिरसा मुंडा संग्रहालय स्थित बिरसा फन पार्क में आयोजित किया गया। आयुष निदेशालय द्वारा इसकी तैयारियां की गई थी. इस राजकीय कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव एके सिंह, विधायक सीपी सिंह, सहित सैकड़ो लोग शामिल हुए।

***************

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी, एनटीए में सुधार के लिए उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा। यह समिति एनटीए में खामियों को दूर करने और पारदर्शिता के लिए सुझाव देगी इस समिति में शिक्षा और अन्य क्षेत्रों के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार छात्रहित के लिए प्रतिबद्ध है।

इधर सर्वोच्च न्यायालय की एक पीठ ने अदालत की निगरानी में इस मामले की सीबीआई से जांच कराने और परिणाम को रद्द कर नए सिरे से परीक्षा कराने की मांग वाली याचिका पर केंद्र और एनटीए को दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है।

***************

सीबीआई ने कल अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ यूजीसी नेट पेपर लीक मामले में एफआईआर दर्ज की है। जूनियर रिसर्च फेलो, असिस्टेंट प्रोफेसर और पीएचडी स्कॉलर्स के चयन के लिए इस वर्ष 18 जून को राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी एनटीए द्वारा देशभर में दो पाली में परीक्षा आयोजित की गयी थी।

***************

राज्य में शिक्षक पात्रता परीक्षा नियमावली में दूसरी बार संशोधन किया गया है। नियमावली के अनुसार झारखंड अधिविद् परिषद् ही इस परीक्षा का आयोजन करेगी। संशोधित नियमावली में अर्हता और परीक्षा के आयोजन को लेकर कई बदलाव किए गए हैं। इसके अनुसार इस परीक्षा को प्रत्येक वर्ष आयोजित करना अनिवार्य नहीं होगा। नियमित परीक्षा आयोजित नहीं होने पर परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में छूट प्रदान की जाएगी।

***************

अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज चतरा जिले के जवाहर स्टेडियम में सामूहिक योगाभ्यास किया गया।

***************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

***************

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कल झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों की उपस्थिति में महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में शीघ्र मुख्यमंत्री बहन बेटी स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजना की शुरुआत करें। इस योजना के तहत 25 वर्ष से ऊपर तथा 50 वर्ष से कम उम्र की सभी वर्ग की गरीब जरूरतमंद महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

***************

भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब लोकसभा के अस्थायी अध्यक्ष बनाए गए हैं। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजीजू ने कल बताया कि सात बार के लोकसभा सदस्य महताब नए सांसदों को शपथ दिलाएंगे। वह लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होने तक पीठासीन अधिकारी के रूप में काम करेंगे।

***************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में पिछले दो दिनों से हुई वर्षा के कारण लोगों को गर्मी से राहत मिली है और तापमान में कमी आयी है। कल सबसे अधिक वर्षा खूंटी में दर्ज की गयी। पलामू और गढ़वा में भी तापमान में कमी आयी है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन–चार दिनों में मॉनसून झारखंड में प्रवेश कर सकता है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया है कि एक–दो दिनों में हुई वर्षा के आधार पर मॉनसून के प्रवेश की घोषणा की जाएगी।

***************

झारखंड विधानसभा में अवैध नियुक्ति की जांच की मांग के लिए झारखंड हाईकोर्ट में दाखिल जनहित याचिका पर आज सुनवाई पूरी हो गई। इस केस से जुड़े सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

***************

ट्वेन्टी–ट्वेन्टी क्रिकेट के सुपर–8 मुकाबले में भारत ने अफगानिस्तान को 47 रन से हरा दिया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने अफगानिस्तान को एक सौ 82 रन का लक्ष्य दिया। जबाव में अफगानिस्तान की टीम एक सौ 34 रन पर ऑलआउट हो गई। सूर्य कुमार यादव को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।
सुपर–8 में आज आस्ट्रेलिया का मुकाबला बांग्लादेश और इंग्लैंड का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से होगा।

***************

अखबारों की सुर्खियां

राजधानी रांची से प्रकाशित अख़बारों ने अलग—अलग खबरों को प्रमुखता से लिया है।

दैनिक भास्कर ने दो दिनों से विभिन्न क्षेत्रों में हो रही वर्षा की खबर को शीर्षक दिया है—मॉनसून से पहले राहत वाली बारिश।

प्रभात खबर ने दसवें अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस की खबर को शीर्षक दिया है— आज हर आंगन बनेगा योगशाला।

हिंदुस्तान ने नीट विवाद मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री के हवाले से आयी खबर को शीर्षक दिया है— एनटीए में सुधार के लिए समिति।

वहीं अंग्रेजी अखबार टाइम्स ऑफ इण्डिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने भी नीट परीक्षा विवाद की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

इधर दैनिक जागरण की सुर्खी है— महिलाओं के लिए शुरू होगी मुख्यमंत्री बहन—बेटी स्वावलंबन योजना।

***************